Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 26-04-2007

Participants : Vijay Krishna Shri

an>

Title: Need to make crop insurance compulsory for farmers in the Country.

श्री विजय कृण (बाढ़) : अध्यक्ष महोदय, राट्रीय कृाि नमूना सर्वे की 59वीं रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ 4 फीसदी किसानों ने फसल बीमा कर वाया है और 59 फीसदी किसानों को तो इसकी जानकारी तक नहीं है। करीब 18 फीसदी किसानों को जैव खाद्य की जानकारी है, इसके अलावा लगभग 29 फीसदी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की जानकारी है और महज 8 फीसदी किसानों ने ही विश्व व्यापार संगठन का नाम सुना है। भारत की 75 फीसदी आबादी गांवों में रहती है, इसलिए सरकार किसानों में ज्ञान की इस कमी को दूर करे। कृाि क्षेत्र में फसल बीमा की बहुत अहमियत है। हमारे देश में बाढ़ और सूखे से फसलें बर्बाद होना आम बात है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि फसल बीमा किसानों के लिए अनिवार्य किया जाए और फसल बीमा में बाढ़ या सूखाग्रस्त इलाकों में मंडल की बजाय गांव को यूनिट माना जाए, जिससे किसानों को हुए नुकसान का सही सही जायजा लिया जा सके और उन्हें ठीक से क्षतिपूर्ति दी जा सके।

आखिर में, मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह उन जिलों में, जिनमें अब तक बहुत से किसान भारी कर्ज के कारण आत्महत्या कर चुके हैं, मृत किसानों के परिवारों पर राट्रीयकृत, वाणिज्यिक, सहकारी और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के बकाया कर्जों को पूरा माफ करे।